# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

**संख्या** – 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 685 **पटना, दिनांक** : 06/02/2024

## आदेश

निदेशालय ज्ञापांक 10165 दिनांक 06.07.2020 द्वारा श्री घनश्याम कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN00564) को नियोजित करते हुए बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार में पदस्थापित किया गया है। नियोजन के उपरांत इनके द्वारा समर्पित डिप्लोमा इन सिविल इंजीनियरिंग प्रमाण पत्र की जांच/सत्यापन के क्रम में संज्ञान में आया है कि निदेशालय स्तर पर प्रकाशित विज्ञापन संख्या – 1/2019 में विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नियोजन हेतु शैक्षणिक योग्यता सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा निर्धारित है, जबकि श्री कुमार का शैक्षणिक प्रमाण पत्र प्रकाशित विज्ञापन से भिन्न अर्थात Diploma in Civil Engineering के स्थान पर Surveyor का है, जो कि उक्त पद पर नियोजन के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के विपरीत है।

संविदा नियोजित उपरोक्त कर्मी से प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न योग्यता के आधार पर नियोजन प्राप्त करने के विरूद्ध भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 5512 दिनांक 07.07.2023 द्वारा 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा निर्धारित अवधि में स्पष्टीकरण समर्पित किया गया है। इनके द्वारा स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि ऑनलाईन प्रशिक्षण के दौरान बताया गया था कि विशेष सर्वेक्षण अमीन और अमीन पद में कोई अन्तर नहीं है। साथ ही मौका देने का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त स्पष्टीकरण एवं संचिका में रक्षित अभिलेखों का अवलोकन किया गया है। अवलोकनोपरांत पाया गया है कि इनके द्वारा स्पष्टीकरण में तर्क दिया गया है कि विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं अमीन में कोई अन्तर नहीं है। इस संबंध में स्पष्ट है कि विशेष सर्वेक्षण अमीन के पद पर नियोजन हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या – 01/2019 में शैक्षणिक योग्यता Diploma in Civil Engineering निर्धारित है, इनकी शैक्षणिक योग्यता विज्ञापन के अनुरूप नहीं है। ऐसे में इनके स्पष्टीकरण को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

अतः प्रकाशित विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं अहर्त्ता से भिन्न शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र पर नियोजन प्राप्त करने के फलस्वरूप नियोजन हेतु प्रकाशित Terms of Assignment की कंडिका – 4 में निहित प्रावधान के आलोक में श्री घनश्याम कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN00564) का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 6/2/24
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01/भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06/2023 685 **पटना, दिनांक** : 06/02/2024

**प्रतिलिपि** :– श्री घनश्याम कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN00564) बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06 / 2023 685 ........... **पटना, दिनांक** :– 06/02/2024

**प्रतिलिपि** :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 01 / भू0अ0नि0(13)वि0सर्वे0कर्मी(विपरीत प्रमाण पत्र)–06 / 2023 685 ........... **पटना, दिनांक** :– 06/02/2024

**प्रतिलिपि** :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं निदेशालय अंतर्गत R2R में संधारित श्री कुमार की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप